Chapter- 9

# चतुराई और विनम्रता

## STUDY NOTES

**विषय प्रतिपाद्य:**

समुद्र के किनारे एक टिटहरी अपनी पति के साथ रहती थी। जब उसके अंडे देने का समय आया अपने पति से एक सुरक्षित जगह माँगी। तब गमंड़ी पति ने समुद्र किनारे अंडा देने को कहा। जब टिटहरी अंडे दिए तब समुद्र अपने प्रवाह से बहा ले गया। घमंड़ी पति ने समुद्र से बदला लेने की कहा। टिटहरी की बात समझकर पति ने सभी पक्षियों को अपनी बात बताई। सभी ने मिलकर पक्षियों के राजा गरूड़ से मदद माँगी। गरूड़ अपनी चतुराई से समुद्र को प्रसन्न किया। समुद्र ने टिटहरी के अंड़े वापस कर दिए। टिटहरी खुशी-खुशी अपनी अंडे लेकर चली गई।

**अभ्यास के लिए:**

**मौखिक –**

१. **श्रुतलेख एवं उच्चारण अभ्यास –**

| | | |
|---|---|---|
| टिटहरी | समुद्र | घमंड |
| रस्सी | समाप्त | प्रशंसा |
| चर्चा | गरूड़ | |

२. **कम-से-कम शब्दों में उत्तर दीजिए –**

क) टिटहरी कहाँ रहती थी ?

उ - टिटहरी समुद्र के किनारे अपने पति के साथ रहती थी।

ख) उसका पति कैसा था ?

उ - उसका पति घमंड़ी था।

ग) अंड़े का क्या हुआ ?

उ - टिटहरी ने अंड़े दिए तो समुद्र अपने प्रवाह के साथ उन्हें बहा ले गया।

घ) तिनको को मिलाकर क्या बनता है ?

उ - तिनको को मिलाकर रस्सी बनता है।

ङ) सभी पक्षी किसके पास गए ?

उ - सभी पक्षी पक्षियों के राजा गरूड़ के पास गए।

**लिखित-**

**१. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -**

क) समुद्र के किनारे एक __________ अपने पति के साथ रहती थी।

ख) समुद्र में हमारे अंड़े बहाने जाने की __________ नहीं हैं।

ग) मैं इस __________ से बदला लूँगा।

घ) सभी पक्षी अपने राजा __________ के पास पहूँचे।

ङ) समुद्र गरूड़ की __________ से प्रभावित हुआ।

उत्तर – (क) टिटहरी (ख) हिम्मत (ग) दुष्ट समुद्र (घ) गरूड़ (ङ) नम्रता

**२. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

क) टिटहरी ने अपने पति से क्या कहा ?

उ- टिटहरी ने अपने पति से कहा कि - 'आप कोई सुरक्षित स्थान खोजिए, जहाँ पर मैं अंडे दे सकूँ।

ख) समुद्र ने क्या फैसला किया ?

उ- समुद्र ने टिटहरी के पति को सबक सिखाने का फैसला किया।

ग) सभी पक्षियों ने आपस में चर्चा क्यों की ?

उ- जब टिटहरी की पति ने समुद्र को सबक शिखाने की बात कही तब सभी पक्षियों ने आपस में चर्चा की।

घ) मोर ने समुद्र से क्या कहा ?

उ- मोर ने समुद्र से कहा कि – हम पक्षियों में समुद्र का पानी सुखाने की शक्ति नहीं है। हमें अपने राजा गरूड़ से मदद माँगनी चाहिए।

ङ) समुद्र किससे प्रभावित हुआ ?

उ - समुद्र गरूड़ की नम्रता प्रभावित हुआ।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

**३. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार पूर्वक लिखिए –**

क) गायब अंड़ों को खोजने के लिए टिटहरी ने पहले क्या योजना बनाई ? उसमें बदलाब ने पहले क्या योजना बनाई ? उसमें बदलाब क्यों किया ?

उ- गायब अंड़ों को खोजने के लिए टिटहरी ने पहला योयना बनाई और अपनी पति से कहा कि आप अकेले ही समुद्र से बदला मत लो। छोटी सी चौंच से विशाल समुद्र को सुखाया नहीं जा सकता आप अपने दूसरे पक्षियों को भी साथ ले लो। बाद में उस योजना को बदलाब किया क्योंकि सभी पक्षियों ने आपस में चर्चा किए और राजा गरूड़ की मदद माँगे।

ख) पक्षी राज गरूड़ ने समुद्र की प्रशंसा क्यों की ?

उ- पक्षीराज गरूड़ को पता था कि क्रोध और अहंकार से किसी को जीता नहीं जा सकता। अंहकार से शत्रु बनजाते हैं। मधुरवाणी से दूसरों को प्रसन्नता मिलती है। इसलिए पक्षी राज गरूड़ ने बड़ी चतुराई और नम्रता से समुद्र की प्रशंसा की।

**भाषा ज्ञान-**

**१. 'चुहा - चुहिया' की तरह नीचे लिखे शब्दों को भी रूप बदलकर लिखिए –**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पति | - | पत्नी | चिड़िया | - | चिड़ियाँ |
| हाथी | - | हाथिनी | मोर | - | मोरनी |
| राजा | - | रानी | महाराज | - | महारानी |

**२. उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए –**

क) ________ टिटहरी        ख) ________ स्थान

ग) ________ समुद्र        घ) ________ पक्षी

ङ) ________ अंडे

उत्तर- (क) एक        (ख) सुरक्षित

(ग) दुष्ट        (घ) सभी

(ङ) अपने

**३. पर्यायवाची शब्द।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| घमंड़ - | अहंकार | दर्प | गर्ब |
| विशाल - | विराट | बड़ा | महान |

**४. निम्नलिखित शब्दों को वाक्य में प्रयोग कीजिए।**

क) समुद्र – समुद्र अपने प्रवाह से अंडे बहाकर ले गया।

ख) विशाल – हाथी एक विशाल प्राणी है।

ग) शक्ति – मोर ने कहा हम पक्षियों में समुद्र का पानी सुखाने की शिक्ति नहीं है।

घ) खुशी – टिटहरी खुशी-खुशी अपने अंड़े लेकर चली गई।

ङ) माफ़ी – राजा गरूड़ ने टिटहरी की ओर से माफ़ी माँगी।

◆◆◆

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow